# बिहार विधान सभा सचिवालय

## आह्वान-पत्र

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-06/2026- 2941 /वि०स० ।

प्रेषक,

**पूनम सिन्हा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

**माननीय सदस्यगण,**
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 05 जुलाई, 2026 ई० ।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार के माननीय राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार विधान सभा को सभा वेश्म, पटना में दिनांक-20 जुलाई, 2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया है ।

इस संबंध में माननीय राज्यपाल द्वारा जारी आदेश के आलोक में संसदीय कार्य विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या-सं०का०-1/वि०मं०(सत्र)01-01/2026-755, दिनांक 05.07.2026 की प्रति पार पृष्ठ पर अंकित है ।

अत: बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-3 के अधीन मैं आपसे उक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के लिए अनुरोध करती हूँ ।

विश्वासभाजन,
05/07/2026
(पूनम सिन्हा)
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बिहार सरकार

संसदीय कार्य विभाग

## :: अधिसूचना ::

पटना, दिनांक- 05.07.2026

संख्या-सं०का०-1/वि०मं०(सत्र)01-01/2026-755/ बिहार राज्यपाल का दिनांक 04.07.2026 का निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण के सूचना के लिए इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है :-

''भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, ले ज सय्यद अता हसनैन, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा को दिनांक 20 जुलाई, 2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करता हूँ ।

ले ज सय्यद अता हसनैन,
राज्यपाल, बिहार ।''

पटना
दिनांक-04.07.2026

ह०/-
(राजेश कुमार)
सरकार के अपर सचिव ।

# بہار قانون ساز اسمبلی سکریٹریٹ

## دعوت نامہ

مکتوب نمبر۔ پرو،فہرست امور۔۔۔۔۔۔۔۔2941۔۔۔۔۔۔۔۔۔۔-06/2026/ق۔س۔ا۔

منجانب،

**پونم سنہا**

ذمہ دار سکریٹری،

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ۔

بخدمت،

معزز اراکین حضرات،

بہار قانون ساز اسمبلی،

(معزز وزیر اعلیٰ / معزز نائبین وزیر اعلیٰ / بشمول معزز وزراء حضرات)

پٹنہ، مورخہ 05 جولائی، 2026 عیسوی۔

محترم/محترمہ،

حسب ہدایت مجھے مطلع کرنا ہے کہ بہار کے معزز گورنر نے دستور ہند کی دفعہ 174 کے جزو(1) کے ذریعہ تفویض کردہ اختیارات کا استعمال کرتے ہوئے بہار قانون ساز اسمبلی کو اسمبلی ہال، پٹنہ میں مورخہ 20 جولائی، 2026 کو 11.00 بجے دن میں اجلاس کے انعقاد کے لئے مدعو کیا ہے۔

اس سلسلے میں معزز گورنر کے ذریعہ جاری حکم کے تناظر میں محکمہ پارلیمانی امور کے ذریعہ جاری علامیہ نمبر۔ پارلیمانی امور۔1/ق۔س (اجلاس)755-01/2026-01، مورخہ 05.07.2026 کی کاپی پشت صفحہ پر درج ہے۔

لہذا بہار قانون ساز اسمبلی کے ضابطہ نامہ، طریق کار و دستور العمل کے ضابطہ۔3 کے تحت میں آپ سے مذکورہ مقررہ تاریخ، وقت اور مقام پر حاضر ہونے کے لئے گزارش کرتی ہوں۔

مخلص،

**پونم سنہا،**

ذمہ دار سکریٹری

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ۔

ذوالفقار علی
5/7/2026

**(ذوالفقار علی)**

اسسٹنٹ ڈائرکٹر

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ

چندر پرکاش
05-07-2026

اردو ترجمہ : اُر۔ 04/2026 ''اردو شعبہ'' بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ،

# بہار سرکار

## محکمہ پارلیمانی امور

## :: علامیہ ::

پٹنہ، مورخہ۔ 05.07.2026

نمبر۔ پارلیمانی امور-1 / ق۔س (اجلاس)755-01-01/2026 بہار کے گورنر کا مورخہ 04.07.2026 کا مندرجہ ذیل حکم نامہ عام لوگوں کی اطلاع کے لئے اس کے ذریعہ شائع کیا جاتا ہے :۔

"بھارت کے آئین کی دفعہ 174 کے جزو(1) کے ذریعہ تفویض کردہ اختیارات کا استعمال کرتے ہوئے میں لیفٹیننٹ جنرل سید عطا حسنین، بہار کا گورنر، اس کے ذریعہ بہار قانون ساز اسمبلی کو مورخہ 20 جولائی، 2026 کو 11.00 بجے دن میں بہار قانون ساز اسمبلی ہال، پٹنہ میں اجلاس کے انعقاد کے لئے مدعو کرتا ہوں۔

لیفٹیننٹ جنرل سید عطا حسنین،
گورنر، بہار"

پٹنہ
مورخہ۔ 04.07.2026

دستخط/
راجیش کمار
سرکار کے ایڈیشنل سکریٹری

## भारत के संविधान के अधीन गठित अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय–सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

### जुलाई, 2026

| | |
|---|---|
| सोमवार, दिनांक 20 जुलाई, 2026 | 1. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो)।<br>2. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का सदन पटल पर रखा जाना (यदि हो)।<br>3. वित्तीय वर्ष 2026–2027 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन।<br>4. शोक प्रकाश (यदि हो)। |
| मंगलवार, दिनांक 21 जुलाई, 2026<br>बुधवार, दिनांक 22 जुलाई, 2026 | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य। |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 23 जुलाई, 2026 | वित्तीय वर्ष 2026–2027 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर वाद–विवाद, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक। |
| शुक्रवार, दिनांक 24 जुलाई, 2026 | गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प)। |

* * * * *

## بھارت کے آئین کے تحت تشکیل شدہ اٹھارہویں بہار قانون ساز اسمبلی کے تیسرے اجلاس کا عارضی پروگرام

## جولائی، 2026

| | |
|---|---|
| سوموار، مورخہ 20 جولائی، 2026 | 1- حلف یا عہد برداری (اگر ہوں)۔<br>2- بہار قانون سازیہ کے اجلاس میں نہیں رہنے کی مدت میں معزز گورنر کے ذریعہ مشتہر فرامین کی مصدقہ کاپیوں کا ایوان کے میز پر رکھا جانا (اگر ہوں)۔<br>3- مالی سال 2026-2027 کے پہلے تتمہ تفصیل اخراجات کی پیشی۔<br>4- اظہار تعزیت (اگر ہوں)۔ |
| منگل، مورخہ 21 جولائی، 2026<br>بدھ، مورخہ 22 جولائی، 2026 | سرکاری بل و دیگر سرکاری امور۔ |
| جمعرات، مورخہ 23 جولائی، 2026 | مالی سال 2026-2027 کے پہلے تتمہ تفصیل اخراجات پر بحث و مباحثہ، ووٹنگ اور اُس سے متعلق تصرف بل۔ |
| جمعہ، مورخہ 24 جولائی، 2026 | غیر سرکاری اراکین کے امور (غیر سرکاری عہد)۔ |

☆☆☆

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र

### प्रश्नों के लिए चक्रानुवर्तित क्रम

निम्नलिखित तालिका के अनुसार दिनांक-20 जुलाई, 2026 से 24 जुलाई, 2026 तक होने वाले तृतीय सत्र में माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्न सदन में लिए जायेंगे:-

| वर्ग | मंत्री | विभाग | निर्धारित तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| द्वितीय वर्ग (मंगलवार) | प्रभारी मंत्री | शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, खेल विभाग तथा युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग । | 21 जुलाई, 2026 |
| तृतीय वर्ग (बुधवार) | प्रभारी मंत्री | ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग तथा श्रम संसाधन एवं प्रवासी कल्याण विभाग । | 22 जुलाई, 2026 |
| चतुर्थ वर्ग (वृहस्पतिवार) | प्रभारी मंत्री | कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा सहकारिता विभाग । | 23 जुलाई, 2026 |
| पंचम वर्ग (शुक्रवार) | प्रभारी मंत्री | उर्जा विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, पर्यटन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विधि विभाग । | 24 जुलाई, 2026 |

नोट:- सरकार के सभी विभागों से अनुरोध है कि प्राप्त प्रश्नों के उत्तर केवल **Online** माध्यम (नेवा पोर्टल) से ही भेजा जाय ।

प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि निम्न प्रकार है:-

''क'' तारांकित

| वर्ग-2 | वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 |
|---|---|---|---|
| 07.07.2026 | 08.07.2026 | 09.07.2026 | 10.07.2026 |

''ख'' अल्पसूचित

| वर्ग-2 | वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 |
|---|---|---|---|
| 14.07.2026 | 15.07.2026 | 16.07.2026 | 17.07.2026 |

नोट:- 1. सभी तिथियों को प्रश्न 03:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किए जायेंगे ।

2. ऑनलाईन प्रश्न नेवा पोर्टल (cmsbla.neva.gov.in) के माध्यम से लिए जायेंगे ।

3. ऑफलाईन प्रश्न प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ववत रहेगी ।

4. ऑफलाईन माध्यम से भेजे गये प्रश्नों के साथ संलग्न पेपर कतरन पर '' इसके विषय वस्तु के संबंध में मैंने स्वयं भी छानबीन की है '' अंकित करते हुए सत्यापित करना आवश्यक है ।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

विश्वजीत कुमार 05/7/26

( विश्वजीत कुमार )
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-वि0वि0 प्रश्न विविध-01/2025- 1472 /वि0स0, पटना, दिनांक- 5/7/26

प्रतिलिपि:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण / मुख्य सचिव, बिहार सरकार / राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / बिहार सरकार के सभी विभाग / मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग / संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वजीत कुमार 05/7/26
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-वि0वि0 प्रश्न विविध-01/2025- 1472 /वि0स0, पटना, दिनांक- 5/7/26

प्रतिलिपि:- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा, पटना के सूचनार्थ प्रेषित।

विश्वजीत कुमार 05/7/26
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-वि0वि0 प्रश्न विविध-01/2025- 1472 /वि0स0, पटना, दिनांक- 5/7/26

प्रतिलिपि: निदेशक, सभी उप सचिव / संयुक्त निदेशक / सभी अवर सचिव / नेवा सेवा केन्द्र/सूचना शाखा/ श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा / प्रश्न शाखा के सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

विश्वजीत कुमार 05/7/26
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

अंजलि
5.7.26

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## शलाकन का कार्यक्रम

अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के कार्यक्रमानुसार माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना की पूर्वता निर्धारित करने के लिए शलाकन निम्न तालिका के अनुसार सभा भवन स्थित सचिव के कार्यालय कक्ष में 03:00 बजे अपराह्न में होगी-

| प्रश्न वर्ग | मौखिक उत्तर देने की तिथि | अल्पसूचित प्रश्न | तारांकित प्रश्न |
|---|---|---|---|
| वर्ग-2 | 21.07.2026 | 17.07.2026 | 14.07.2026 |
| वर्ग-3 | 22.07.2026 | 17.07.2026 | 15.07.2026 |
| वर्ग-4 | 23.07.2026 | 20.07.2026 | 16.07.2026 |
| वर्ग-5 | 24.07.2026 | 20.07.2026 | 17.07.2026 |

- अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना देने वाले माननीय सदस्य (यदि चाहें तो)प्रश्नों के लिए ऊपर नियत शलाकन की तिथि को उपस्थित हो सकते हैं।
- प्रश्नों के संबंध में बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के उपबंध यथावत लागू रहेंगे ।
- शलाकन केवल स्वीकृत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के लिए ही होगा ।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

विश्वजीत कुमार 05/7/2026

(विश्वजीत कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक- वि०वि० प्रश्न विविध-01/2025- 1473 /वि0स0, पटना, दिनांक- 5/7/26

प्रतिलिपि:- बिहार विधान सभा के सभी माननीय सदस्यगण के सूचनार्थ प्रेषित ।

विश्वजीत कुमार 05/7/2026

(विश्वजीत कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

अंजलि
5.7.26

## बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या कार्य०का०सू० 06/2026- 2949 /वि०स० ।

प्रेषक,

**पूनम सिन्हा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

**माननीय सदस्यगण,**
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 05 जुलाई, 2026 ई० ।

विषय:- भारत के संविधान के अधीन गठित अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र (जुलाई, 2026) का औपबंधिक कार्यक्रम ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक-कार्य०का०सू०-06/2026- 2941 /वि०स०, पटना, दिनांक- 05 जुलाई, 2026 के क्रम में निदेशानुसार, मैं अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम की एक प्रति संलग्न कर रही हूँ, जिसमें यह दर्शाया गया है कि उक्त सत्र में होने वाली सभा की बैठकों में भिन्न-भिन्न कोटि के लिए कौन-कौन सी तिथियाँ नियत की गयी है:-

1. सोमवार, दिनांक-20 जुलाई, 2026 को (i) शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान (यदि हो) किया जाएगा (ii) बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियाँ सभा पटल पर रखी जाएगी । (iii) वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन होगा, तथा शोक प्रकाश लिए जायेंगे ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 176 (6) परन्तुक के साथ सहपठित नियम-24 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक से संबंधित प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित किसी मांग पर कटौती प्रस्तावों की सूचना देने की अन्तिम तिथि-20 जुलाई, 2026 (3.00 बजे अप० तक सचिव के कार्यालय कक्ष) नियत की गयी है ।

2. मंगलवार, दिनांक-21 जुलाई, 2026 एवं बुधवार, दिनांक-22 जुलाई, 2026 को राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य का व्यवस्थापन होगा ।

3. वृहस्पतिवार, दिनांक-23 जुलाई, 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर वाद-विवाद, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का व्यवस्थापन होगा ।

### गैर सरकारी सदस्यों के कार्य

(गैर सरकारी संकल्प)

4. शुक्रवार, दिनांक-24 जुलाई, 2026 गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) के लिए नियत की गई है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-150 के अनुसार गैर सरकारी संकल्पों की सूचना देने की अंतिम तिथि गैर सरकारी संकल्प के व्यवस्थापन हेतु नियत तिथि से 15 (पन्द्रह) दिन पूर्व निर्धारित है ।

अतएव तत्प्रयोजनार्थ केवल वे ही संकल्प ( गैर सरकारी) लिए जायेंगे जिनके संबंध में सूचनाएं निम्न अनुसूची में उल्लिखित तिथि तक प्राप्त हो जाए:-

**अनुसूची**

| गैर सरकारी संकल्प के लिए <u>नियत तिथि</u> | संकल्प की सूचना देने की <u>अंतिम तिथि</u> | शलाका के लिए <u>नियत तिथि</u> |
|---|---|---|
| शुक्रवार, दिनांक 24 जुलाई, 2026 | वृहस्पतिवार, दिनांक-09 जुलाई, 2026 को 3.00 बजे अप० तक | वृहस्पतिवार, दिनांक-16 जुलाई, 2026 (5.00 बजे अप०) |

मैं इस संबंध में आपका ध्यान बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-151 की ओर भी आकृष्ट करती हूँ जिसके अनुसार किसी सदस्य को गैर सरकारी संकल्पों के निबटाव के निमित निश्चित हर दिन के लिए एक से अधिक संकल्प की सूचना नहीं देने का प्रावधान है ।

5. <u>प्रश्न</u>

(क) प्रश्नों की सूचनाएँ देने के लिए चक्रानुवर्तित क्रम की सारणी अलग से परिचारित की जा रही है ।

(ख) विगत सत्रों में अपनायी गयी प्रक्रिया के अनुसार अल्प-सूचित एवं तारांकित प्रश्नों की प्राथमिकता शलाका द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

6. सत्र में भिन्न-भिन्न कोटि के कार्यों के लिए उपर्युक्त नियत तिथियाँ ऐसे परिवर्त्तनों के अधीन है, जो समय-समय पर सदन में अभिज्ञापित किये जायेंगे अथवा दैनिक कार्य-सूची में दिखाए जायेंगे ।

7. यदि किसी कार्यवश दिनांक-20 जुलाई, 2026 के पश्चात् भी सत्र चलाना आवश्यक प्रतीत हुआ, तो भिन्न-भिन्न कार्यो के निपटारे के लिए भिन्न-भिन्न तिथियाँ नियत करते हुए एक अनुपूरक कार्यक्रम बाद में निर्गत किया जायेगा ।

अत: अनुरोध है कि सभा सचिवालय से समय-समय पर प्रेषित कार्य-सूची सहित अन्य ऐसे कागजात को अवश्य साथ लाने की कृपा करेगें जो सत्रावधि में निदेश के लिए आपको आवश्यक प्रतीत हो ।

विश्वासभाजन,
05/07/2026

(पूनम सिन्हा)
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-06/2026- 2949 /वि०स०, पटना, दिनांक- 05 जुलाई, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

5/7/26
(राजीव कुमार)
निदेशक, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-06/2026- 2949 /वि०स०, पटना, दिनांक- 05 जुलाई, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के निदेशक / संयुक्त निदेशक / उप सचिवगण / मुख्य प्रतिवेदक/ अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित ।

5/7/26
(राजीव कुमार)
निदेशक, बिहार विधान सभा, पटना ।